संस्कार व व्यक्तित्व के निर्माता हैं शिक्षक

बोकारो | शिक्षक दिवस पर स्वर्णालिका ज्वेलर्स एंड साड़ीज प्रतिष्ठान में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन संजय रस्तोगी एवं शिखर रस्तोगी ने किया। अतिथियों ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इनमें डीपीएस बोकारो के प्रधानाचार्य डॉ. एएस गंगवार, जीजीपीएस के प्रधानाचार्य अभिषेक, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विजय सहित अन्य शिक्षक शामिल थे। संजय रस्तोगी एवं शिखर रस्तोगी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके चरित्र, संस्कार और व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं। शिक्षकों का सम्मान ज्ञान, संस्कार और आने वाली पीढ़ी का सम्मान है।

बोकारो कांग्रेस चलाएगी जनजागरण अभियान

बोकारो | कांग्रेस की ओर से खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन (एमएमडीआर) संशोधन विधेयक तथा श्रीराम मंदिर में हुए कथित चंदा गड़बड़ी के मुद्दे को लेकर देशव्यापी चरणबद्ध जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता ने शनिवार को बोकारो में प्रेस वार्ता कर सात सितंबर को रांची के लोक भवन के समक्ष आयोजित राज्यव्यापी कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। डॉ. राजेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि एमएमडीआर संशोधन विधेयक के माध्यम से केंद्र सरकार संसाधन-संपन्न राज्यों, विशेषकर झारखंड, के प्राकृतिक संसाधनों पर राज्यों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। इसका प्रतिकूल प्रभाव राज्य के राजस्व, विकास योजनाओं तथा खनन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी एवं स्थानीय समुदायों पर पड़ेगा। बोकारो जिलाध्यक्ष जवाहर लाल महथा ने कहा कि एमएमडीआर संशोधन विधेयक एवं कथित चंदा गड़बड़ी के विरोध में प्रस्तावित महाधरना की तैयारियां पूरे जिले में चल रही हैं। मौके पर जिला प्रभारी सह प्रदेश महासचिव शमशेर आलम, प्रेम रॉय, देवाशीष मंडल, जमील अख्तर आदि थे।

विधायक ने जनसुविधाओं को ले की चर्चा

बोकारो | बोकारो विधानसभा क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार और लंबित विकास कार्यों में तेजी लाने को लेकर विधायक श्वेता सिंह ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन से शनिवार को मुलाकात की। बैठक में सड़क, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा, सार्वजनिक सुविधाओं और विस्थापित क्षेत्रों के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक ने बताया कि ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द सकारात्मक प्रगति की उम्मीद है। अस्पताल बनने से श्रमिकों, कर्मचारियों और आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। सेक्टर-9 से चंद्रपुरा मार्ग और कैंप-2 क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत का मुद्दा भी उठाया गया। सेक्टर-12 के आवासीय क्वार्टरों से जुड़े लंबित मामलों में आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरी कर पात्र लोगों को राहत देने पर चर्चा हुई। नया मोड़, सिटी सेंटर, राम मंदिर, सेक्टर-8, सेक्टर-9 मार्केट और लक्ष्मी मार्केट जैसे प्रमुख स्थलों पर शौचालय समेत अन्य जनसुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। बैठक में सभी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

जन्माष्टमी, त्रिलोकीनाथ मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

बोकारो | यदुवंश नगर स्थित त्रिलोकीनाथ मंदिर में जन्माष्टमी पर्व के पावन अवसर पर शनिवार को भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। शुभारंभ समाजसेवी गुलाब प्रसाद सिंह यादव एवं आयोजन संयोजक राजेश कुमार यादव ने फीता काटकर किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूरे विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर व्यवसायी संजय सोनी सहित सैकड़ों व्रती महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। मुख्य अतिथि गुलाब प्रसाद सिंह यादव ने कहा कि मंदिर की स्थापना काल से ही यदुवंश नगर के लोग आपसी सौहार्द और उल्लास के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाते आ रहे हैं। वहीं संयोजक राजेश कुमार यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के नाम का स्मरण मात्र करने से सभी दुखों का नाश होता है तथा घर में सकारात्मक ऊर्जा, सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। समिति के अध्यक्ष शिबू यादव ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान शनिचरी देवी एवं कुमारी पूनम ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष जवाहर सिंह, मनोज मुंडा, अशोक शर्मा आदि थे।

मजदूर संघ की दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक

बोकारो | सेक्टर-4 स्थित मंगलम में शनिवार से भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के स्टील फेडरेशन की दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक का शुभारंभ हुआ। शुरुआत संघ के अध्यक्ष विशेश्वर महतो, स्टील फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष अमर कुमार जायसवाल, भारतीय मजदूर संघ के स्टील, नॉन-कोल एवं डिफेंस उद्योग प्रभारी माला जगदीश राव तथा सह प्रभारी हिमांशु बल ने श्रमिक गीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ की। बैठक में बीएसएल के अलावा राउरकेला, भिलाई, दुर्गापुर, बर्नपुर, विशाखापट्टनम, सेलम, नागरनार, एएसपी सहित विभिन्न स्टील संयंत्रों तथा राजहरा, नंदनी, टेंशा, बोलानी, चिरिया, गुआ, किरीबुरू और मेघाहातुबुरू सहित विभिन्न माइंस के प्रतिनिधि शामिल हुए। दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक में सेल कर्मचारियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कर्मचारियों के बोनस, एरियर, वेज रिवीजन, इंसेंटिव, रिवॉर्ड सहित अन्य लंबित मांगों पर गंभीर मंथन हुआ। साथ ही कर्मचारियों के हितों को लेकर आगामी रणनीति एवं आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। संघ के महामंत्री विनोद कुमार ने कहा कि सेल कर्मियों की लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल होगी।

चरगी मोड़ में अंडरपास की मांग को ले हाइवे 3 घंटे जाम

भास्कर न्यूज | जैनामोड़

पेटरवार थाना क्षेत्र के चरगी मोड़ के निकट फोरलेन में बैरिकेडिंग किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को दोपहर में नेशनल हाईवे-23 को जाम कर दिया। जाम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा, एसडीएम बेरमो मनोज कुमार, एसडीपीओ रविंद्र कुमार सिंह, बीडीओ संतोष कुमार महतो, जरीडीह थाना प्रभारी बिपिन चंद्र महतो व तेनुघाट ओपी प्रभारी भजन लाल महतो मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मांगों का गंभीरता से समाधान किया जाएगा। मौके पर फोरलेन निर्माण कंपनी के लाइजनर संदीप पाल को भी समस्या दूर करने का निर्देश दिया गया।

सड़क जाम करने के दौरान लोगों को समझाते पदाधिकारी।

ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर एनएचएआई निदेशक धनबाद के नाम आवेदन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास नहीं बनने से 8 हजार की आबादी प्रभावित है। बच्चों को स्कूल और लोगों को बाजार आने-जाने में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मांग पूरी नहीं होने पर फोरलेन निर्माण रोकने की चेतावनी दी। ढाई घंटे बाद दोपहर तीन बजे जाम हटा।

कार्यक्रम • गोमिया विस स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत है: सुदेश महतो

भास्कर न्यूज | जैनामोड़

जिस राज्य और देश की शिक्षा पद्धति में बदलाव नहीं होगा, उसका विकास संभव नहीं है। विकास का पैमाना सिर्फ सड़क, पुल-पुलिया बनना नहीं है, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी है। उक्त बातें आजसू सुप्रीमो व पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने शनिवार को पेटरवार वन विभाग सभागार में गोमिया विधानसभा स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत शिक्षकों एवं गोमिया विस क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के टॉपर बच्चों के प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में व्यवस्था के नाम पर सिर्फ किताबें देने में ही सरकार की हालत खराब है। गांव के स्कूलों में शून्यता है। पहले सरकारी स्कूलों में क, ख, ग और 1, 2, 3 की गूंज सुनाई देती थी, जो डिजिटल दौर में खत्म हो रही है। फिर से वही गूंज लौटनी चाहिए। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने छात्रों से विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदलने की अपील की। इस दौरान सुदेश महतो मंच से उतरकर कुर्सी पर बैठे सेवानिवृत्त शिक्षकों के पास पहुंचे, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते, वे समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक हैं। समारोह में 50 से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षकों व मैट्रिक-इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 70 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सम्मानित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, सांसद व अन्य।

कार्यक्रम को आजसू नेता काशीनाथ सिंह, कौशल्या देवी, जिप सदस्य प्रह्लाद चंद्र महतो, अमरदीप महाराज, श्रीधर महतो, राजेश विश्वकर्मा, प्रमुख प्रमिला चौड़े, सचिन महतो, मुखिया निहारिका सुकृति, रितेश सिन्हा, गोपाल महतो, करण महतो, सिंटू सिंह सहित अन्य ने संबोधित किया। संचालन सुधीर कुमार सिन्हा ने की।

चरित्रवान शिक्षक बनकर देश का नाम रोशन करें: प्रमोद सिंह

सिटीरिपोर्टर | बोकारो

चीराचास स्थित एनपी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में शनिवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव प्रमोद सिंह, चेयरमैन अविनाश उत्कर्ष एवं पूजा उत्कर्ष ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सचिव प्रमोद सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। उन्होंने सभी भावी शिक्षकों से चरित्रवान, आदर्श एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक बनकर समाज और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

शिक्षक दिवस समारोह में शामिल अतिथि व अन्य।

मजदूरों को सुविधा देने की मांग की

बोकारो | बोकारो मजदूर समाज के महामंत्री राजेश महतो ने शनिवार को बोकारो स्टील प्लांट की अधिशासी निदेशक (एचआर) राजश्री बनर्जी से मुलाकात कर विस्थापितों और मजदूरों की विभिन्न मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि कंपनी, एजेंसी और ठेकेदार बदल सकते हैं, लेकिन विस्थापित मजदूरों के अधिकार और हित नहीं बदलने चाहिए। विस्थापितों से कट मनी की वसूली किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। महतो ने सेक्टर-7 और 10 में बची जमीन पर विस्थापितों को पुनर्वासित करने आदि अन्य मांग रखी है।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः मंत्र से गूंजा डीपीएस

कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य व अन्य।

सिटीरिपोर्टर | बोकारो

डीपीएस बोकारो में शनिवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका निभाते हुए विशेष प्रार्थना सभा की कार्यवाही संभाली। गीत-संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग भर दिया। सीनियर विंग में गुर्ब्रह्मा गुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वर... मंत्र से वातावरण गूंजता रहा। विद्यार्थियों ने मोहे लागी लगन गुरु चरणन की, की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। आर्केस्ट्रा में विभिन्न वाद्ययंत्रों के साथ लोकप्रिय गीतों की मेडले प्रस्तुत की गई। श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद पर आधारित नृत्य प्रस्तुति में गुरु-शिष्य संबंध को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। प्राइमरी विंग के बच्चों ने शिक्षकों को समर्पित गीत और कृष्ण नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया।

शिक्षक जीवन की राह भी दिखाते हैं

प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने कहा कि शिक्षक केवल किताबें पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, मित्र और प्रोत्साहक होता है। वह विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी, संस्कार और सद्चरित्र का विकास करता है। शिक्षक-विद्यार्थी के बीच भरोसे का रिश्ता होता है, जिसका सम्मान जरूरी है।

कर्मचारियों को दी गई सत्यनिष्ठा की सीख

बोकारो| बीएसएल के सतर्कता विभाग की ओर से शनिवार को मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में कर्मचारियों के लिए सतर्कता जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 और तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के तहत हुआ। इसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के 45 कर्मचारियों ने भाग लिया। सत्र में कर्मियों को सतर्कता तंत्र, एंटी-बाइबरी मैनेजमेंट सिस्टम, आरडीए कार्यवाही, स्टैंडिंग ऑर्डर्स सहित दैनिक कार्यों में सामने आने वाले सतर्कता संबंधी मामलों की जानकारी दी गई। संचालन, सैंपलिंग, परीक्षण व निरीक्षण, स्टोर्स-वेयरहाउस प्रबंधन, डिस्पैच, वेंडर बिल और कार्मिक मामलों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व सतर्कता जांच से जुड़ी केस स्टडी प्रस्तुत कर नियमों के पालन और व्यक्तिगत जवाबदेही का महत्व बताया गया। नैतिक मूल्यों पर विशेष सत्र में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया।

vedanta iron & steel
ESL Steel Limited

ईएसएल स्टील लिमिटेड

(पूर्ववर्ती ज्ञात इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड)
पंजीकृत कार्यालय :- ग्राम सियालजोड़ी, पो. - जोगीडीह,
ओ. पी. - बंगारिया, थाना - चंदनक्यारी, जिला - बोकारो - 828303, झारखण्ड
टेली नं: 08651-102477
वेबसाइट : https://www.eslsteel.com/ ईमेल : esl.shares@vedanta.co.in
CIN: U27310JH2006PLC012663

सार्वजनिक सूचना – वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (VC/OAVM) के माध्यम से आयोजित की जाने वाली 19वीं वार्षिक आम बैठक

यह सूचित किया जाता है कि ईएसएल स्टील लिमिटेड की 19वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, **दिनांक 29 सितंबर, 2026 को अपराह्न 03:30 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (VC/OAVM) के माध्यम से** आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों तथा सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025, परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023, परिपत्र संख्या 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022 एवं परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 (जिन्हें सामूहिक रूप से आगे "एमसीए परिपत्र" कहा गया है) के साथ पठित प्रावधानों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना तथा कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **https://www.eslsteel.com/** तथा केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (केफिनटेक) की वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com/** पर उपलब्ध हैं।

सदस्य केवल केफिनटेक द्वारा उपलब्ध कराई गई वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं अथवा एजीएम का लाइव वेबकास्ट देख सकते हैं, जिसका विवरण एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराया गया है। कृपया ध्यान दें कि कंपनी अधिनियम, 2013 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुपालन में सदस्यों की किसी सामान्य स्थान पर भौतिक उपस्थिति आवश्यक नहीं है तथा वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति को गणपूर्ति निर्धारित करने के उद्देश्य से गिना जाएगा।

एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शनिवार, दिनांक 5 सितंबर, 2026 को उन सदस्यों को भेज दी गई है, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी/रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता के पास पंजीकृत हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसरण में, कंपनी का सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तिकाएं बुधवार, दिनांक 23 सितंबर, 2026 से मंगलवार, दिनांक 29 सितंबर, 2026 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगी।

जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए अपने ई-मेल पते पंजीकृत कराएं, ताकि उन्हें एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त हो सके तथा ई-वोटिंग हेतु लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त किया जा सके।

कंपनी अपने सदस्यों को एजीएम में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इस उद्देश्य के लिए कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु केफिनटेक को नियुक्त किया है।

एजीएम हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग शनिवार, दिनांक 26 सितंबर, 2026 को प्रातः 09:00 बजे प्रारंभ होगी तथा सोमवार, दिनांक 28 सितंबर, 2026 को सायं 05:00 बजे समाप्त होगी। इसके पश्चात दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा निष्क्रिय कर दी जाएगी। जो सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से पहले ही अपना मत दे चुके हैं, वे बैठक के दौरान पुनः मतदान करने के पात्र नहीं होंगे। जिन व्यक्तियों का नाम कट-ऑफ तिथि, अर्थात मंगलवार, दिनांक 22 सितंबर, 2026 को सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज होगा, वे एजीएम से पूर्व अथवा एजीएम के दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ लेने के पात्र होंगे।

कोई भी व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना प्रेषित किए जाने के पश्चात कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कट-ऑफ तिथि को कंपनी का सदस्य है, वह दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने के लिए **evoting@kfintech.com** पर अनुरोध भेज सकता है। दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के निर्देश एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए गए हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के संबंध में किसी भी प्रश्न एवं/या शिकायत की स्थिति में, सदस्य केफिनटेक की वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com** के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध सहायता एवं अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) तथा ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं अथवा सुश्री सी. शोभा आनंद (उपाध्यक्ष), मेसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर-बी, प्लॉट संख्या 31 एवं 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत – 500032, ई-मेल: **evoting@kfintech.com** से संपर्क कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर: 1800-309-4001 अधिक जानकारी अथवा स्पष्टीकरण के लिए उपर्युक्त माध्यमों से संपर्क किया जा सकता है।

ईएसएल स्टील लिमिटेड के
निदेशक मंडल के आदेश से

स्थान : बोकारो
दिनांक : 05.09.2026

मनीष कुमार चौधरी
कंपनी सचिव

SRI ALANKAR
JEWELLERS & SONS

Exciting Career Opportunity
in The Jharkhand's Largest
Jewellery Brand.

Kariye apni career ki
NAYI SHURUAAT hamare saath!

Walk-In Interview | Multiple

OPEN POSITIONS : DHANBAD BRANCH

Sales Executive - 10
To assist customers, understand their requirements and deliver an exceptional jewellery shopping experience.

Marketing Executive - 2
To plan, handle and execute store marketing activities, promotions & customer engagement initiatives.

Store Manager - 1
To manage daily store operations, lead the team and drive overall sales & customer experience.

♦ NOTE ♦
Jewellery showroom experience preferred. Attractive salary & incentives. Accommodation available for outstation candidates. Freshers can also apply. Carry your Resume, Passport-size Photo & last 2 months' Salary Slips.

WALK-IN INTERVIEW
DATE : SUNDAY | 06th Sept. 2026
TIME : 11:00 am to 06:00 pm
VENUE : SRI ALANKAR JEWELLERS & SONS, Bhagyodaya Building, Ground Floor, Bank More, Dhanbad.

Contact : 80109 13353
RANCHI | RAMGARH | HAZARIBAGH | BOKARO
JAMSHEDPUR | DHANBAD | DALTONGANJ

प्रगति के पथ पर हरियाणा.... फिचर इंफेक्ट



हरियाणा आज विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश ने औद्योगिक विकास के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय बदलाव किए हैं। स्टील उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आधुनिक तकनीक, बेहतर उत्पादन क्षमता और बढ़ते औद्योगिक निवेश से रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इससे प्रदेश के युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर करियर के विकल्प मिल रहे हैं। वहीं, शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर प्रयास हरियाणा के भविष्य को मजबूत आधार दे रहे हैं। स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में आधुनिक सुविधाओं, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है। बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान और रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। स्टील और शिक्षा, दोनों क्षेत्र प्रदेश की प्रगति के महत्वपूर्ण स्तंभ बन रहे हैं। एक ओर मजबूत उद्योग अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, वहीं शिक्षित और कुशल युवा इस विकास को नई दिशा दे रहे हैं। उद्योग, शिक्षा और कौशल विकास का यह समन्वय हरियाणा को आत्मनिर्भर, सक्षम और उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा रहा है।

डॉ. महिपाल

चेयरमैन, संस्कारम ग्रुप

हरियाणा का पहला ऐसा विश्वविद्यालय, जहाँ चिकित्सा क्षेत्र में त्रिवेणी का अद्भुत संगम - संस्कारम विश्वविद्यालय

संस्कारम हरियाणा का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जहाँ एमबीबीएस, बीएएमएस और वेटरनरी साइंस की शिक्षा एक ही छत के नीचे प्रदान की जा रही है।

झज्जर जिले की शान : संस्कारम विश्वविद्यालय हरियाणा राज्य निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (संशोधित अधिनियम संख्या 3, 2020) के तहत स्थापित एवं यूजीसी एक्ट 1956 की धारा 2 (एफ) से मान्यता प्राप्त है। यह संस्थान विद्यार्थियों के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा, नवाचार और बहुआयामी विकास का केंद्र बनकर उभरा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में ज्ञान, कौशल और संस्कार के समन्वय से ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण करना है, जो देश के लिए सक्षम और उत्तरदायी नागरिक बन सकें।

भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आज की शिक्षा

संस्कारम विश्वविद्यालय वर्तमान में 195 से अधिक पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्रदान कर रहा है — एमबीबीएस, बीएएमएस, वेटरनरी साइंस, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथैरेपी, रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लॉ, कृषि विज्ञान, फॉरेंसिक साइंस, इंटीरियर डिजाइनिंग, योग और मास कम्युनिकेशन जैसे रोजगारोन्मुखी विषयों में। इन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के समक्ष रोजगार की व्यापक संभावनाएँ हैं चाहे वे सरकारी सेवाओं का चयन करें अथवा निजी क्षेत्र में अपना भविष्य संवारें। प्रत्येक पाठ्यक्रम को उद्योग जगत की बदलती माँगों और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है

करियर की मजबूत नींव

विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करना संस्कारम विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ विशेष साझेदारी बनाए हुए है, जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा प्लेसमेंट सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। अब तक विद्यार्थी 19 LPA तक के पैकेज हासिल कर चुके हैं।

क्यों ? चुनें संस्कारम विश्वविद्यालय

- 195+ पाठ्यक्रम- स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. स्तर पर उपलब्ध
- अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रत्यक्ष मार्गदर्शन और मेंटरशिप
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लासरूम, रिसर्च लैब्स और इनोवेशन सेंटर
- संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स में K.G. to Ph.D. तक की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ NDA, NEET सहित UPSC, SSC, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस एवं डिफेंस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग कराई जाती है।
- 70+ एकड़ में फैला हरा-भरा, प्रदूषण-मुक्त परिसर
- सुविधा संपन्न हॉस्टल एवं हॉस्पिटल सेवाएं
- अत्याधुनिक कैंटीन और डिजिटल लाइब्रेरी की बेहतरीन सुविधाएं

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

दीपक कुमार गुप्ता
मैनेजिंग डायरेक्टर

P.S. Raj Steels Ltd., Hisar

P.S. Raj Steels : 'आत्मनिर्भर भारत' से 'विकसित भारत' की ओर बढ़ता स्वदेशी विनिर्माण

विकास की योजना

● **PSSR GROUP** का उद्देश्य केवल अच्छे उत्पाद उपलब्ध कराना ही नहीं है, बल्कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना, लंबे समय तक मजबूत साझेदारी बनाना और बेहतर तकनीक व नए विचारों के साथ भविष्य के लिए आगे बढ़ना भी है। नए बाजारों और निर्यात अवसरों पर बढ़ते ध्यान के साथ **PSSR** अपने कारोबार को विकास के अगले चरण में ले जाने की तैयारी कर रही है। कंपनी की आगे की योजना में उत्पादन बढ़ाना, काम को बेहतर बनाना, बिजली की लागत कम करना और नए बाजारों तक पहुंच बढ़ाना शामिल है।

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

सन 2004 में हिसार, हरियाणा से एक ट्रेडिंग व्यवसाय के रूप में शुरू हुई **P.S. Raj Steels Ltd. (PSSR)** ने बीते दो दशकों में 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप खुद को उत्तर भारत में वेल्डेड स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब की एक प्रमुख सूचीबद्ध निर्माता कंपनी के रूप में स्थापित किया है। तीन एकड़ में फैली कंपनी की आधुनिक विनिर्माण सुविधा में 250 से अधिक उत्पाद कॉन्फिगरेशन तैयार किए जाते हैं। आज 21 राज्यों में फैले व्यापक डीलर नेटवर्क के माध्यम से **PSSR** के उत्पाद इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे, ऑटोमोबाइल, फूड प्रोसेसिंग और ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।

देश के 'विकसित भारत' के लक्ष्य में योगदान देते हुए **PSSR** ने कई राष्ट्रीय और ऐतिहासिक परियोजनाओं में अपने उत्पादों के माध्यम से भागीदारी की है। कंपनी के स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब का उपयोग दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट, राम मंदिर, लाल किला, काशी विश्वनाथ और तिरुपति बालाजी जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाओं में किया गया है। ये परियोजनाएं कंपनी की वि